तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

14 भगवान महावीर के विभिन्न स्वरूपों की निकाली ...

13 शोभायात्रा से धर्ममय हुआ डौंडीलोहारा

खबर संक्षेप

ओटेबंद में भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आज

अंडा। 11 अप्रैल को विष्णु धाम मंदिर यज्ञ स्थल ओटेबन्द में भारतीय जनता पार्टी मंडल ओटेबन्द के तत्वावधान में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन दोपहर 2 बजे से सामुदायिक भवन में होगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, वीरेंद्र साहू, ठाकुर चंद्राकर,अभिषेक शुक्ला, लेखराम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष ओटेबंद कुलदीप साहू ने ओटेबंद मंडल के सभी सक्रिय सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शमिल होने को कहा है।

अंडा में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह आज

अंडा। ग्राम गाँधी नगर अंडा में समस्त ग्रामीण साहू समाज द्वारा ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती एवं माँ कर्मा जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन 11 अप्रैल को इतवारी बाजार चौक कर्मा मंदिर में किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे से भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। 11 बजे से माँ कर्मा जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, दोपहर 1 बजे से अतिथि आगमन एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर होंगे, अध्यक्षता प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे।

युवा कांग्रेस ने फूंका पीएम का पुतला

गुरूर। युवा कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर तुगलकी फरमान जारी कर रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी करने का आरोप लगाते हुए पुतला दहन किया। युवा कांग्रेस ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ेंगी, जिससे भारत के निम्न और मध्यम वर्ग की एक बड़ी आबादी की बचत और खपत प्रभावित हो रही है। इससे आम आदमी कर्ज में डूबता जा रहा है। आईवाईसी प्रभारी कृष्ण अल्लावरु और आईवाईसी अध्यक्ष उदय चिब व राष्ट्रीय सचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी शेष नारायण ओझा के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के आह्वान पर बालोद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े के नेतृत्व में गुरुर बस स्टैण्ड में एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, तामेश्वर देशमुख, सुमित राजा राजपूत, मोनू ठाकुर, साजन पटेल, कुलदीप साहू, फैज अली, अंकुश दीवान, अभिषेक साहू, हिमांशु लावत्रे एवं तमाम युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नेवारीकला में जगह-जगह से फूटी पाइप, नल सूखे, गलियों में बह रहा पानी

गुणवत्ताहीन निर्माण से शासन की योजना पर लगा पलीता, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला में ग्रामीणों को दैनिक दिनचर्या में पानी की समस्याओं का सामना तो करना ही पड़ रहा है, शोक जैसे कार्यक्रम में भी परिवार के लोगों को विभिन्न कार्यक्रम निपटाने के जगह पानी का जुगाड़ करना पड़ रहा है। जहां वृद्ध महिलाएं नलों में पानी न आने के कारण अपना दर्द बयां करते थक गईं, लेकिन ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों को पानी की सुविधा नलों के माध्यम से नहीं मिल पा रही है। ग्राम नेवारीकला में नल जल योजना के तहत लाखों की लागत से पानी टंकी तो बना दी गई है, लेकिन ग्राम में बने पानी टंकी गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण शो पीस बनकर रह गई है। ग्राम की गलियों में बिछाई गई पाइप कई जगह से फूट गई है, जिसके कारण टंकी के माध्यम से थोड़ा बहुत पानी जो घरों में पहुंचना चाहिए, वह गलियों में ही बह रहा है, जिसे सुधारने का प्रयास नहीं किये जाने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहा है।

पानी की व्यवस्था में ही बीत जाती है सुबह

ग्राम नेवारीकला की ग्रामीण महिला रमा बाई, शांति बाई, नंदनी, दीपकुमारी, शशि बाई ने बताया कि नलों के माध्यम से पानी इतना कम आता है कि कई घंटे में एक बाल्टी नहीं भर पाता। हमें सुबह खाना बनाने से लेकर रोजी मजदूरी व अन्य काम करने होते हैं, लेकिन सुबह से ही हम पानी की ही व्यवस्था में लगना पड़ता है। वहीं, बुजुर्ग महिलाओं ने कहा कि नलों के माध्यम से पानी नहीं आने पर जवान महिलाएं व पुरूष इधर उधर से या अन्य कहीं दूर से पानी की व्यवस्था कर लेती हैं। लेकिन हम बुजुर्गों को नलों में पानी नहीं आने का सबसे ज्यादा दंश झेलना पड़ता है। नलों में पानी नहीं आने के कारण चलने फिरने तथा भारी वजन पानी की बाल्टी नहीं उठा पाने व अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने के कारण भी हम पानी के लिए इधर उधर जाने की स्थिति में नहीं रहते फिर भी हमें मजबूरन दूर से पानी से भरा भारी वजन उठाकर लाना पड़ता है, या फिर दूसरों की मिन्नतें कर उन्हें पानी लाने के लिए बोलना पड़ता है, जिसके कारण हमें नल से पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है।

शोक कार्यक्रम में टैंकर से की गई पानी की व्यवस्था

कुछ दिनों पहले ग्राम के मितानीन के निधन के अंतिम कार्यक्रम के अवसर पर पानी के लिए परिजनों को भटकना पड़ा था। जिसके बाद बार-बार ग्राम पंचायत को कहने पर देर शाम टैकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था हो पाई।

जलस्तर गिरने से हो रही समस्या

जलस्तर गिर जाने के कारण पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।
- डिलेश्वरी सोनकर, सरपंच

पाइप फूटने से नलों में आ रहा गंदा पानी

ग्राम के परमानंद, सौरभ, लेखराम, मुंशी ने कहा कि ग्राम पंचायत में टैंकर है, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा पानी की समस्या को दूर करने के लिए न ही टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है और न ही नलों के माध्यम से भी पानी की समस्या दूर की जा रही है। वहीं, गली में फूटे पाईप को ठीक नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण नलों के माध्यम से मिलने वाला पानी पाइप फूट जाने के कारण गलियों में बह रहा है। गलियों में बहा हुआ पानी कई स्थानों पर जाम हो गया है। मोटर बंद करने पर गड्ढों में जमा गंदा पानी को पाइप अंदर खींच लेती है, जो नलों के माध्यम से घरों में पहुंच रहा है। इसे ग्राम पंचायत द्वारा सुधारा जाना चाहिए।

खनन माफिया ले गए तालाब

पार की सैकड़ों हाईवा मिट्टी 50 से ज्यादा पेड़ उखाड़ दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम दरगहन एवं दानीटोला के संयुक्त नाम से स्थित नया तालाब में बीते एक माह में ही तालाब पार की सैकड़ों हाईवा मिट्टी का खनन माफिया ने परिवहन कर लिया। वहीं, तालाब पार के 50 से भी ज्यादा पूर्ण विकसित पेड़ों को भी उखाड़ दिया गया है, जिसमें कई ईमारती एवं प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ हैं।

- ग्राम दरगहन के ग्रामीणों ने शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

मामले में ग्राम दरगहन के ग्रामीणों ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तालाब पार की मिट्टी को लाखों रूपयों में बेचा गया है। यही कारण है कि दिन दहाड़े परिवहनकर्ता तालाब पार में मशीन लगाकर मिट्टी खोदकर ले जा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका कोई प्रभाव नहीं हुआ एवं लगातार पार की मिट्टी का परिवहन होता रहा। प्रभावित तालाब ग्राम के बाहर खार में स्थित है, जिससे कुछ समय तक तो गामीणों को इसकी जानकारी ही नहीं हुई। लेकिन जब जानकारी हुई एवं ग्रामीणों ने रोकने का प्रयास किया तब भी खनन चलता रहा, तब मामले की शिकायत की गई।



पंचायत को जानकारी नहीं : सरपंच

मामले में सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन त्रिभा बंजारे ने कहा कि मेरे सरपंच बनने के पहले चुनाव के दौरान खनन चल रहा था। पंचायत को इसकी कोई जानकारी नहीं है।

आंगन में टूटकर गिरे बिजली के तार, बाल-बाल बचा परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीण और उसका परिवार बाल-बाल बचा। बिजली का तार टूटकर उसके घर में गिर गया, लेकिन वे चपेट में आते-आते बचे।

- ग्रामीणों ने विद्युत विभाग द्वारा समय-समय पर मेंटेनेंस के दावे पर उठाए सवाल

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात लगभग 8 बजे हल्की सी आंधी आई, जिससे कृषक के खेत के किनारे बिजली तार पर शिव बबूल का पेड़ गिर गया। इससे 5-6 खंभों के तार को क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, आदर्श कुशवाहा के घर पर बिजली के तीन तार टूटकर आंगन में गिर गए। उस समय उनमें विद्युत प्रवाह जारी था। कुशवाहा परिवार की किस्मत अच्छी रही कि उस समय सभी घर के अंदर थे, नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। वहीं, तार टूट जाने से ग्राम में वैवाहिक कार्यक्रम में भी काफी परेशानी हुई।

गौरतलब है कि हल्की सी आई आंधी ने बिजली विभाग द्वारा समय-समय पर मेंटेनेंस किए जाने के दावों की पोल खोल दी। कुसुमकसा के आमापारा रेल्वे स्टेशन मार्ग पर विद्युत लाइन पर पेड़ गिर जाने से बिजली के तार टूटकर ग्रामीण के घर पर गिर गया। ग्रामीणों व कृषकों ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी उनके घरों एवं कृषि भूमि के आसपास विद्युत पोल के माध्यम से बिछाई गई बिजली के तार के आसपास लगे पेड़ एवं उसकी टहनियों को काटने को कहते हैं। विद्युत लाइन चालू होने पर ग्रामीण कैसे करेंगे। वहीं, विद्युत विभाग द्वारा समय-समय पर पेड़ों एवं उनकी टहनियों को काटने के लिए विद्युत बंद होने की सूचना दी जाती है। लोगों ने सवाल उठाए हैं कि यदि वे सारे कार्य समय-समय पर ठीक से किए जाते हैं, तो हल्की आंधी में ही तार टूटकर गिरना ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि घर पर तार गिरने से ग्रामीण परिवार बड़ी दुर्घटना से बच तो गए, लेकिन उन्हें गर्मी में रात भर बिना लाइट के गुजारना पड़ा। उधर, पेड़ और तार टूटकर गिरने की सूचना दिए जाने पर विद्युत विभाग के अधिकारी ने दो टूक कहा कि बकलीटोला फीडर ब्रेक डाउन है, हम लोग उधर गए हुए हैं। कल ही सुधार किया जा सकेगा। उसके बाद गुरुवार को विद्युत लाइन चालू किया गया। वहीं, बुधवार रात को विद्युत लाइन बंद होने से वार्ड क्रमांक 17 में ग्रामीण के यहां वैवाहिक कार्यक्रम अंधेरे में पूरा करना पड़ा।

पहले चरण के तहत आवेदन देने का आज अंतिम दिन

सुशासन तिहार में मिले 201 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार की समस्याओं के समाधान आपके शहर आपके ग्राम योजना के तहत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक नगर पंचायत गुण्डरदेही में सुशासन तिहार का शिविर लगाया जा रहा है। पहले दिन 51 आवेदन और दूसरे दिन 150 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें कुछ समस्याओं का त्वरित निराकरण नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन द्वारा किया गया।

इन आवेदनों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने, सीसी रोड एवं नाली निर्माण, भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का लाभ दिलाने, महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, शौचालय निर्माण, पट्टा प्रदाय, राशन कार्ड बनवाने आदि कार्यों के आवेदन आए। नगर की जनता नगर पंचायत कार्यालय में अपनी मांग व समस्याओं को लेकर आवेदन समाधान पेटी में जाकर जमा कर सकते हैं प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक मांग एवं द्वितीय चरण में 5 से 31 में तक समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस सुशासन तिहार शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, नगर पंचायत सीएमओ किरण पटेल, इंजीनियर रूपेश राठिया,सुशासन तिहार के प्रभारी छम्मन साहू ,पूजा साहू, ईश्वरी निषाद, पार्षद गण हरीश निषाद, संतोष नेताम, पूजा बिंझेकर,फैज बख्श, सेवक महिपाल, शैल महोबिया, पोषण निषाद उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

भगवान महावीर के आचरण को अपने जीवन में उतारें

बालोद। शासन दीपिका प्रमिला श्री जी म.सा आदि ठाना 4 के सानिध्य में अर्जुन्दा नगर में महावीर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शासन दीपिका, प्रमिला श्री जी म.सा, ने भगवान महावीर के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को दी तथा भगवान महावीर के आचरण को अपने जीवन में उतारने का संदेश प्रदान किया। नगर अर्जुन्दा में सकल जैन समाज के तत्वावधान में समाज के लोगों ने नगर के अस्पताल में पहुंचकर फल वितरण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अमर चंद बाफना, अजय, शांतिलाल, महवीर जी सेठी, राजू पारख, नमन बाफना, संजय जैन, दिनेश जैन, मन्नूलाल सोनी सहित नगर पंचायत अध्यक्ष प्रणेश जैन, रवि बाफना सहित जैन श्री संघ अर्जुन्दा के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

जीतेश्वरी को मिली पीएचडी उपाधि

भिलाई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा रायपुर की जीतेश्वरी को उनके शोध प्रबंध 'इक्कीसवीं शताब्दी की चुनौतियां और हिंदी कहानी की बदलती हुई संरचना एवं संवेदना का अनुशीलन (किरण सिंह, तरुण भटनागर, उमा शंकर चौधरी, ज्योति चावला और दिव्य विजय की कहानियों के संदर्भ में)' विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना यह शोध प्रबंध डॉ. कैलाश शर्मा के निर्देशन और डॉ.अभिनेष सुराना के सह निर्देशन में शोध केंद्र हिंदी विभाग, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के माध्यम से प्रस्तुत किया था। जीतेश्वरी संपूर्ण हिंदी क्षेत्र में युवा समीक्षक हैं। वे छत्तीसगढ़ संवाद में कॉपी राइटर के पद पर कार्यरत हैं।

घरेलू गैस के रेट में वृद्धि वापस लें: भाकपा माले

भिलाई। भाकपा माले लिबरेशन छत्तीसगढ़ राज्य कमेटी ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल- डीजल के दामों में एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने तथा घरेलू गैस के दामों में की गई 50 रूपए की बढ़ोतरी का विरोध करते हुए वापस लेने की मांग की है। भाकपा माले ने जारी बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार मे क्रूड ऑयल के दामों में हो रही लगातार गिरावट के बावजूद यह मूल्य वृद्धि की गई है। सरकार द्वारा कारपोरेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह मूल्य वृद्धि की गई है।

जेएलएन अस्पताल में उन्नत नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय, सेक्टर-9 जेएलएन अस्पताल में उन्नत नवजात पुनर्जीवन विशिष्ट चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. रवींद्रनाथ एम और विशिष्ट अतिथियों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर एवं डॉ. सौरव मुखर्जी थे। प्रशिक्षण सत्र का मार्गदर्शन डॉ. पवन जैन, डॉ. आकाश लालवानी, डॉ. निलय मोजार्कर, डॉ. ज्ञानेश मिश्रा और डॉ. माला चौधरी आदि राष्ट्रीय प्रशिक्षकों की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को अत्याधुनिक नैदानिक कौशल प्रदान किए गए। डॉ. रवींद्रनाथ ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम जटिल नवजात स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रबंधन में चिकित्सकों को दक्ष बनाते हैं और यह पहल न केवल बीएसपी अस्पताल के नवजात देखभाल मानकों को सुदृढ़ करती है।

कलाकारों ने लोककलाकार सफीन दास को दी श्रद्धांजलि

भिलाई। शहर के कलाकारों ने वरिष्ठ लोक कलाकार सफीन दास मानिकपुरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। जामुल निवासी प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई के संगतकार और आकशवाणी के ए ग्रेड कलाकार सफीन दास का मंगलवार को निधन हो गया था। कलाकार बिरादरी ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है। स्व सफीन दास एक वरिष्ठ बांसुरी व हारमोनियम वादक थे। वे एक अच्छे छत्तीसगढ़ी गीतकार और लोक गायक भी थे।

स्थापना दिवस : वक्ताओं ने पार्टी के इतिहास की सदस्यों को दी जानकारी

गुरुर में हुआ भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य सम्मेलन स्थानीय सामुदायिक भवन प्रांगण तहसील कार्यालय गुरुर में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में गुरुर, मिर्रीटोला, सनौद मंडल में निवासरत सभी सक्रिय सदस्यों एवं तीनों मंडल के सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू ने भाजपा के संस्कार, कर्तव्यों के साथ साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विचारों को सभी के मध्य रखा।

पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकान्त पवार ने मोदी सरकार एवं विष्णुदेव सरकार की विभन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिन योजनाओं से आज देश के विकास को एक नई गाथा लिखी जा रही है, स्वच्छता योजन, जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास, सड़क, नल जल, वृद्धा पेंसन, पोषण एवं विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। पूर्व नगर पालिका बालोद अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने भाजपा के स्थापना, इतिहास की जानकारी दी, की कैसे 8–9 लोगों ने जो विचार किया राष्ट्र कल्याण के लिए वह पार्टी आज 13 करोड़ सदस्यों वाली सबसे बड़ी पार्टी है।

इस कार्यक्रम में विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी कौशल साहू, गुरुर मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, मिरएँटोला मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, सनौद मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, मंडल कार्यक्रम संयोजक प्रेमसाय कलिहारी, भुवन साहू, मेहत्तर नेताम, नंदकिशोर शर्मा, ईशाप्रकाश साहू, नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष प्रदीप साहू, जनपद गुरुर उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, तीनों जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, लक्ष्मी साहू एवं तेजराम साहू के साथ नगर पंचायत गुरुर के पार्षद, जनपद पंचायत सदस्य सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कचांदुर में भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

बालोद/कलंगपुर। गुण्डरदेही भाजपा मंडल के ग्राम कचांदुर के ग्रामीण कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थापक सदस्यों श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपाई के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भूषण साहू, भागीरथी साहू, मंथीर साहू, सनत साहू, अनुज साहू, कल्याण, प्रदीप, केतन, पंकज, घनश्याम, प्रेमचंद, लोकेश, चंदू, असवनी, हरी, युवराज साहू, केवल यादव, असवनी साहू, जीराखान, सुभाष, टीकम सहित नागरिक उपस्थित थे।

गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान की हुई शुरुआत

डौंडी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल डौंडी द्वारा ग्राम पंचायत सल्हाईटोला में गांव गांव चलो घर-घर चलो अभियान की शुरूआत की गई। सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने अपनी विशेष उपस्थिति प्रदान की। इस दौरान सल्हाईटोला में तालाब के किनारे चौपाल लगाकर मनरेगा मजदूरों से केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष ने ली। जनपद पंचायत डौंडी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने उपस्थित ग्रामवासियों से शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर शामिल होकर अपनी समस्याओं को बताने की अपील की। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी मनीष झा द्वारा उपस्थित जनमानस से चर्चा करते हुए जल संग्रहण करने व जल बचाव करने की बात कही। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित परिवारों से भेंट भी किया। इस पूरे कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ों, जिला प्रतिनिधि मनीष झा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, ग्राम पंचायत सल्हाई टोला के सरपंच, उप सरपंच पंच गण, मनरेगा शाखा के अधिकारी कर्मचारी गण, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

ग्रामीणों को मनरेगा के संबंध में दी गई जानकारी

ग्राम पंचायत अर्जुनी में किया गया रोजगार दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार दिवस का आयोजन बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत में व्यापक स्तर पर किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत अर्जुनी में मनरेगा से स्वीकृत कार्य जल संचय तालाब का गहरीकरण (मंडल तालाब) में चल रहे कार्यस्थल पर कार्यरत 198 श्रमिकों एवं ग्राम पंचायत में एकत्रित ग्रामीणों को मनरेगा से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। रोजगार दिवस के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि 01 अप्रैल 2025 से मनरेगा के तहत दैनिक मजदूरी 261 रूपये निर्धारित की गई है। साथ ही नए परिवारों के पंजीयन, परिवार रोजगार कार्ड में नये सदस्यों के नाम जोड़ने, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र परिवारों की पहचान, निर्माण कार्य के दौरान मिलने वाले आवेदन, सुझाव और शिकायतों से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रत्येक परिवार को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हों, इसके लिए भी मार्गदर्शन दिया गया। जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि रोजगार दिवस के माध्यम से ग्रामीणों को न केवल योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाता है, बल्कि उन्हे आजीविका संवर्धन की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास भी किया जाता है। प्रोजेक्ट उन्नति जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है।

रोजगार दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन परिसंपत्तियों और निर्माण कार्यों में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यही कारण है कि पूरे प्रदेश के साथ–साथ बालोद जिले में भी प्रत्येक माह की 07 तारीख को इसका आयोजन नियमिति रूप से किया जाता है।

गांव में ही समस्याओं को लेकर आवेदन देने से हो रही समय व धन की बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सुशासन तिहार के तहत लगाए जा रहे शिविरों को लेकर ग्रामीणों ने जताई प्रसन्नता

सुशासन तिहार के माध्यम से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर जिले के आम नागरिकों में आशा की नई किरण जगी है।

सुशासन तिहार के दूसरे दिन ग्राम पंचायत कार्यालय कुंआगोंदी में पहुँचकर आवेदन प्रस्तुत करने वाली जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुंआगोंदी निवासी ईश्वरी बाई साहू अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पूरी तरह से आशान्वित है।

राज्य शासन द्वारा शुरू किए गए इस सुशासन तिहार की सराहना करते हुए ईश्वरी साहू ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनता की वास्तविक जरूरतों को समझते हुए जो कार्य किया जा रहा है वह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से उनके जैसे अनेक जरूरतमंद लोग जो अपने मांगों और समस्याओं का निराकरण हेतु जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय तथा अन्य शासकीय कार्यालयों में नहीं पहुँच सकते वे, इस सुशासन तिहार के माध्यम से अपने ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत कर अपने समस्या का निराकरण सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आज मैंने अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में इस सुशासन तिहार के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया है उसका जल्द से जल्द निराकरण हो सकेगा।

शासकीय कामकाज में पारदर्शिता आएगी : तुलसी राम

इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कारूटोला के सरपंच तुलसी राम मरकाम ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन–प्रशासन के सभी स्तरों पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता आएगी, वहीं, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। जिसका लाभ सीधे–सीधे आम जनता को मिलेगा। वहीं, ग्राम कुंआगोंदी निवासी किरण बाई साहू ने कहा कि अपने ग्राम पंचायत में ही मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन देने की सुविधा मिलने से हम ग्रामीणों को शासकीय कार्यालयों में आने–जाने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। हमारी समस्याओं का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित हो सकेगा। राज्य शासन की इस अभिनव पहल की सराहना ग्राम पंचायत कोटागांव की सरपंच अनुराधा मरकाम एवं ग्राम कोटागांव के ग्रामीण रमेश मरकाम, गमलाल मरकाम, संतु धुर्वे, कुंजन भुआर्य, ग्राम कुंआगोंदी निवासी माना बाई तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम जुन्नापानी निवासी तुकाराम कोर्राम, ग्राम मुलढोढरी निवासी चौतराम कोर्राम, ग्राम रेंगाडबरी निवासी इंद्रपाल तुमरेकी, ग्राम मरसटोला निवासी कुशल मण्डावी सहित बड़ी संख्या के वनांचल के ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के इस अभिनव पहल की सराहना की।

ग्राम पंचायत ओरमा के ग्रामीणों ने आवास पेंशन, बिजली को लेकर दिए आवेदन

बालोद। ग्राम पंचायत ओरमा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 का शिविर ग्राम पंचायत भवन ओरमा में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में आबादी, आवास पेंशन, राजस्व विभाग से जमीन में नाम जुड़वाना, विद्युत विस्तारीकरण के लिए बिजली पोल लगाने आबादी पट्टा दिलवाने का आवेदन सुशासन तिहार के प्रभारी को आवेदन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में तहसीलदार आशुतोष शर्मा, जनपद सदस्य मोहिनीस पारकर, ग्राम पंचायत ओरमा सरपंच मंजूलता परस साहू, उपसरपंच रामचद्र यादव, पंच रोशनी साहू, चंचल साहू, ललिता ठाकुर, फ़गिनी निषाद, सुदामा साहू, डोमार कुंभकार, देवंतीन सोनकर, ममता सोनकर, दिलेश्वरी, सगुना बाई साहू, राजस्व पटवारी, —षि विस्तार अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी साहू, भावना साहू, पेमिन साहू, एवं भाजपा नेता बल्लू साहू, गोरेलाल साहू, लीलाधर साहू, नरेंद्र कुमार माली, मितानिन शतरूपा साहू, दिलेश्वरी साहू, गुंजन साहू, संतोषी साहू, गीता भारद्वाज, लाइन मैन ताम्रध्वज साहू, निर्मला पटेल एवं ग्रामीण जन काफी संख्या में सुशासन तिहार में शामिल हुए।

एपीएस में हुई पालक सलाहकार समिति की बैठक

डौंडीलोहारा। सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में 8 अप्रैल को पालक समिति की बैठक हुई। बैठक में नए शिक्षा सत्र में अध्यापन व सुधार के बारे में चर्चा की गई। साथ ही इस सत्र के परीक्षा परिणाम में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी गई। बैठक में नए शिक्षा सत्र के फीस निर्धारण के संबंध में चर्चा हुई। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन, उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, मिश्रीलाल जैन, संदीप जैन प्रभा जैन के साथ पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष उत्तम यदु, शिवेंद्र बहादुर साहू, एमएआर खान, परम साहू, एमआर भंडारी, पीला लाल देशमुख, डुप्ले साहू, प्रबंधक हीराचंद राखेचा उपस्थित थे।

कलेक्टर व जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्राम कुआंगोंदी पहुंचकर शिविर का किया अवलोकन

सुशासन तिहार में पहुंच रहे नागरिक, समस्या, शिकायत और मांगों को लेकर दे रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के अंतर्गत बालोद जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में बड़ी संख्या में लोग पहुँचकर अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दे रहे हैं। तिहार के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए। ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं नगरीय निकायों में आवेदन प्रस्तुत करने निर्धारित किए गए स्थानों पर आज सुबह से ही जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों एवं आवेदकों का चहल कदमी देखने को मिली। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल आज जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कुआंगोंदी के ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँचकर सुशासन तिहार की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति पत्र भी प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली। इस मौके पर एसडीएम नूतन कंवर, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से अब तक प्राप्त कुल आवेदनों के संबंध में जानकारी ली। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों ने सुशासन तिहार के अवसर पर ग्राम पंचायत कार्यालय कुंआगोंदी में मांग से संबंधित अधिक आवेदन प्राप्त होने की जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने आम नागरिकों से बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

पेयजल की समस्या बताकर की निराकरण की मांग

इस दौरान वार्ड नंबर 12 ग्राम कुंआगोंदी के निवासी माना बाई ने वार्ड नंबर 12 एवं 13 में पेयजल हेतु समुचित पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को तत्काल वार्ड नंबर 12 एवं 13 का निरीक्षण कर ग्रामीणों के लिए समुचित मात्र में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

महापौर ने किया प्याऊ घर का उद्घाटन

दुर्ग। वार्ड क्रमांक 24 स्टेशन रोड स्वरूप टॉकीज के करीब सनशाइन हा से स्कूल परिसर के बाहर स्काउट गाइड द्वारा कंठ सुधा प्याऊ घर का शुभारंभ महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद सुश्री पायल पाटिल, पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, शिक्षा विभाग क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकीर मौजूद थे। इस अवसर पर महापौर ने स्कूल परिसर में प्याऊ घर के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त की और कहा कि यह स्कूल व राहगीरों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा। यह प्याऊ घर बच्चों, शिक्षकों व राहगीरों को गर्मी के मौसम में पानी की सुविधा प्रदान करेगा। स्कूल परिसर के बाहर प्याऊ घर के शुभारंभ से स्कूल के बच्चे, शिक्षक सहित नागरिक खुश हैं। प्याऊ को प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खुबसुरती से सुसज्जित किया गया है। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि भीषण गर्मियों में अपने घर के आस पास पक्षियों व पशुओं के लिए कोटना में पानी अवश्य रखें।

मासूम को न्याय दिलाने संस्था ने सौंपा ज्ञापन

दुर्ग। उरला वार्ड में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के अपराधी को फास्ट्रेक कोर्ट के माध्यम से जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुए मृत्यु दंड व फांसी की सजा दिलाने की मांग जीवनदान सेवा संस्था छत्तीसगढ़ ने जिलाधीश अभिजीत सिंह दुर्ग को ज्ञापन सौंपा हैं। जिलाधीश से आग्रह किया कि, मुजरिम को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, जिससे कि अपराध करने वाले अपराधियों के मन में भय व्याप्त हो और ऐसी घटना भविष्य में दोबारा ना घटित हो। संगठन के महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी ने बताया कि, जीवनदान सेवा संस्था जिला दुर्ग की महिला विंग के दिशा निर्देश पर ज्योति कम्मो चंद्राकर, ममता गोस्वामी, नाइशा चंद्राकर, नीतू कुशवाहा, सुमन ठाकुर द्वारा आज जिलाधीश को ज्ञापन सौपा गया। जिसमे संस्था के जिला अध्यक्ष मनीष सोनी, महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी, सचिव नरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष खिलेन ठाकुर, दीपक मानिकपुरी, डॉलर परमार, राजकुमार देवांगन सभी उपस्थित रहे।

निधन

टिकेंद्र कुमार साहू

बालोद/निकुम। ग्राम मोहंदी पाठ निवासी टिकेंद्र कुमार साहू (35 वर्ष) का निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक हुकुम लाल साहू के छोटे पुत्र व तेमेंद्र साहू के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मोहंदी पाठ में किया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं समक्ष अधिकारी गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202503241400030/ अ-2/ वर्ष 2024-25

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुहुप सिंह ठाकुर आ. खेदूराम निवासी ग्राम अर्जुन्दा तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम/नगर अर्जुन्दा तहसील अर्जुन्दा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 489/4 रकबा 0.03 हेक्टेयर कुल रकबा 0.03 भूमि को गैर कृषि प्रयोजन आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह पेशी तारीख 21.04.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया। **अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही**

मुहर **जिला बालोद (छ.ग.)**

नगर में धूमधाम से मनाया गया भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव

शोभायात्रा से धर्ममय हुआ डौंडीलोहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

गुरुवार को सम्पूर्ण नगर उस समय धर्ममय हो गया, जब जैन समुदाय के छोटे-छोटे बच्चे, युव-युवतियां, महिला, पुरुष व बुजुर्गों ने धर्म पताका लहराते हुए भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा में जयघोष करते हुए मंगलगीतों के साथ सम्पूर्ण नगर का भ्रमण किया। विभिन्न चौराहों पर अनेक समुदाय के लोगों ने शोभायात्रा की अगवानी की और भगवान महावीर स्वामी को नमन किया।

नगर के जैन मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा टिकरा पारा, रामनगर चौक, समता चिकित्सालय, गौशाला रोड, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड चौक, विवेकानंद चौक, भगवान महावीर स्वामी रोड होते हुए नगर के उपाश्रय प्रांगण में पहुंची। जहां पर गुणानुवाद सभा का कार्यक्रम बालिका मंडल के मंगलाचरण की प्रस्तुति के साथ विधिवत शुरू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्द्धमान स्थानकवासी संघ के अध्यक्ष ताराचंद लोढा ने की, उन्होंने आस पास के ग्रामों से आए जैन समाज के लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप लोगो की सहभागिता से नगर के महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव में चार चांद लग गए। अतिथियों में वर्द्धमान स्थानकवासी संघ के सचिव अनोप भन्साली, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष हस्तीमल सांखला, श्रमण संघ अध्यक्ष

रमेश लोढा,साधुमार्गी संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र लूंकड़, शांतक्रांत संघ के अध्यक्ष मिश्रीलाल चोपड़ा, पसौद से इंदरचंद बाफना, अछोली से लालचंद राखेचा,फरडफोड़ दिनेश चोपड़ा, भंडेरा से प्रमोद जैन, संबलपुर से प्रकाश डोसी मांगीलाल संचेती, बकलीटोला से राजेन्द्र सूरज प्रसाद, भेड़ी से गुलाबचंद डोसी,मंगचुआ से प्रेमचंद श्रीश्रीमाल,रेंगाड़बरी से प्रकाश श्रीश्रीमाल, संजारी से खुशालचन्द, मालीघोरी से मुकेश जैन,अंडी से संतोष चोपड़ा, कोटेरा से गोलू चोपड़ा, भीमकन्हार से अनिल बाफना, कवर्धा से टोडरमल सांखला,अरजपुरी से मनोज गोलछा मंचस्थ थे। समस्त मंचस्थ अतिथियों का कुमकुम तिलक से स्वागत अभिनंदन संघ के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवरी संघ अध्यक्ष प्रदीप बाफना ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने कठिन साधना व तपस्या से केवलज्ञान की प्राप्ति की व स्व पर कल्याण के लिए अग्रसर हुए। उनके सिद्धांत को अपनाकर ही जन्म जयंती मनाना सार्थक होगा। आर्या लोढा ने सुमधुर दोहे के माध्यम से वीर प्रभु भगवान महावीर स्वामी के गुणों को पटल पर रखा। अछोली से जितेंद्र बाफना ने अछोली संघ को मिले चातुर्मास में डौंडीलोहारा संघ से सहयोग की अपेक्षा रखी। शांतिनाथ जिनालय ट्रस्ट के अध्यक्ष हस्तीमल सांखला ने आए हुए आसपास के संघ के सदस्यों का भाव से अभिनंदन किया। प्राप्ति लोढा व उज्ज्वल भन्साली ने भगवान महावीर स्वामी से संबंधित प्रश्नमंच के माध्यम से रोचक प्रश्नों को संगोष्ठी में रखा जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए। कार्यक्रम को सीमा पारख, निश्चल भंसाली, संबलपुर के प्राची संचेती, पाखी लोढा, अछोली से ममता बाफना, पसौद से इंदरचंद बाफना, मिश्रीलाल चोपड़ा, रश्मि गोलछा अरजपुरी ने भी संबोधित किया।

छोटे-छोटे बच्चों ने भी शोभायात्रा में दी सहभागिता

नगर के तीन से पांच सात वर्ष के बच्चों का उत्साह भी चरम पर था। अपने हाथों में धर्म ध्वजा लहराते हुए विभिन्न जयघोष व नारों के साथ बड़ों के साथ कदम से कदम बढ़ाते चल रहे थे। इन बच्चो का उत्साह देखते ही बनता था। तीर्थ पारख, आदि डोसी, निश्चल भन्साली,अमम,पर्व ,प्रिशा ,यौगिक आदि ने अपने अपनेहाथों पर धर्म ध्वजा लहरा कर जयघोष कर रहे थे।

जीवदया के कार्य भी हुए

शोभायात्रा के दौरान नगर के मुख्य मार्ग स्थित भगवान महावीर गौशाला के गौमाता को संघ समाज के सदस्यों ने गुड़ रोटी खिलाई। दोपहर में नगर के जैन समाज के युवाओं ने विवेकानंद चौक में राहगीरों को शर्बत पिलाया व पक्षियों के लिए सकोरे का वितरण भी किया। इसके पूर्व बुधवार की रात्रि नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण में नगरी वाले मयंक डागा की भक्ति गीत की प्रस्तुति हुई जिसमें देर रात्रि तक भगवान महावीर स्वामी जी के भक्ति का आनन्द श्रद्धालुओं ने लिया।

डौंडी में हुआ भाजपा का सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन

डौंडी। 9 अप्रैल भाजपा मंडल डौंडी के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा के अवसर पर सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन स्थानीय पुलिस मैदान के सामुदायिक भवन में हुआ।

यह सम्मेलन भाजपा के संगठनात्मक मजबूती कार्यकर्ताओं के ऊर्जा के संचार और जनसेवा की भावना को नई दिशा देने हेतु आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे ने समस्त कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में अगले वक्ता के रूप में छगन यदु रामनारायण धनकर और हिन्छा राम साहू ने भी अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रूपेश कुमार नायक ने की विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनीता कुमेटी जनपद अध्यक्ष, मुकेश कौड़ों नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका उपाध्यक्ष संजीव मानकर जनपद सदस्य साधना सोरी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेई और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मंच संचालन मंडल महामंत्री अजय चौहान तथा आभार प्रदर्शन मंडल कुसुमकसा के महामंत्री टिकेंद्र साहू ने किया।

विधायक कुंवरसिंह ने की माता कर्मा की पूजा, क्षेत्रवासियों के लिए मांगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- ग्राम बेलौदी एवं चिचलगोंदी में आयोजित कर्मा जयंती महोत्सव में हुए शामिल

विधायक कुंवर सिंह निषाद ग्राम बेलौदी में ग्रामीण स्तरीय एवं चिचलगोंदी में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने माता कर्मा की पूजा अर्चना कर समाज व क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की व समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों का आतिथ्य सत्कार के लिए आभार व्यक्त किया।

इस दौरान ग्राम बेलौदी में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं ग्राम चिचलगोंदी में साहू भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि साहू समाज का हमेशा

गौरव शाली इतिहास रहा है। चाहे वह कृषि के क्षेत्र में हो या शिक्षा के क्षेत्र में हो इस समाज के लोगों ने खूब मेहनत कर सभी क्षेत्रें में सफलता अर्जित की है। माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मा देवी देश–विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्मा माता की गौरव गाथा जन–जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षों से चली आ रही है। कार्यक्रम में सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना उमाशंकर साहू, परिक्षेत्रिय पदाधिकारी सरपंच कुमुदनी डामन साहू, हुलास साहू, उपसरपंच केजू राम साहू, ग्राम विकास समिति तोरण लाल साहू, नोहर साहू, मूरलीराम साहू, तोरण लाल साहू, तहसील साहू संगठन डां टीकम साहू, प्रेमसूख साहू, डा पूरन साहू, डां रोहित साहू, पवन साहू सहित जनप्रतिनिधि, परिक्षेत्रीय साहू समाज के पदाधिकारी सहित साहू समाज की महिलाएं संख्या में उपस्थित थे।

गायत्री मंत्र के संबंध में दी गई जानकारी, बताए लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान डॉ हरिकृष्ण गंजीर एवं रेणुका गंजीर, भूपेश साहू, परमिला साहू, डामेश्वर साहू, डामेश्वरी साहू उपस्थित थे।

- गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का हुआ आयोजन

यज्ञाचार्य डॉ गोपाल साहू, वरुण कुमार साहू, संतोष कुमार साहू, पुनेश्वर निर्मलकर के द्वारा यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर तीन गर्भवती बहनों का गर्भ संस्कार किया गया और नवनिर्वाचित जनपद सदस्य डॉ हरिकृष्ण गंजीर एवं नवनिर्वाचित पंच देवला बाई साहू का गायत्री परिवार द्वारा सम्मान किया गया।

डॉ गोपाल साहू द्वारा पूरे यज्ञ कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। जनपद सदस्य डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने मंदिर के विकास के लिए कार्य करने का अशवासन दिया। इस अवसर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ के संयोजक भूषण लाल सार्वा ने मां गायत्री की महिमा, माताजी का संदेश में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वरुण कुमार साहू ने गायत्री मंत्र के बारे में पूरे विस्तार पूर्वक जानकारी दी और उनके लाभ के बारे में बताया। शांतिकुंज हरिद्वार से डॉ चिन्मय पंड्या का संदेश माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी एवं दिव्य अखंड दीप शताब्दी समारोह 2026 की सफलता के साथ समस्त विश्व में आसन्न युद्ध, प्राकृतिक आपदा एवं महामारियों से जीव जगत की रक्षा के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज में एक वर्ष तक चलने वाली सामूहिक जप साधना, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2082 से प्रारम्भ हुई।

इसके पूर्व चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस गायत्री परिवार प्रतिनिधि डॉ चिन्मय पंड्या एवं शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरी द्वारा देवताओं के आह्वान के साथ ही सामूहिक जप साधना का क्रम आरम्भ हुआ। यह विशिष्ट सामूहिक जप साधना गायत्री माता मंदिर प्रांगण में स्थित साधना कक्ष में वर्ष 2026 तक चलेगी।

इस अवसर पर डॉ गोपाल साहू, भूषण लाल सार्वा, डॉ डीएल गजीर, सुखीत राम नायक, डॉ पवन गंजीर, संतोष कुमार साहू, पोषन लाल सार्वा, दीपक साहू, दानवीर नायक, बलीराम साहू, भूपेश साहू, डालेश्वर साहू, पंचू निर्मलकर, अनसूईया साहू, उषा गंजीर, राजकुमारी गंजीर, सोनिया साहू, चिंताराम साहू, खिलेंद्र कुमार साहू, दामोदर साहू, गायत्री प्रज्ञापीठ मोहारा के सभी परिजन उपस्थित थे।

भाजपा मंडल गुरुर ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की साफ-सफाई

गुरूर। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भाजपा मंडल गुरुर के नगर पंचायत गुरुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने परिसर की साफ सफाई की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर के अंदर एवं परिसर के बाहर भी फैले कचरों, पेड़-पौधों के सूखे पत्तों की भी सफाई की। इस दौरान स्वास्थ विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस श्रम दान के कार्यक्रम में विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी कौशल साहू, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष गुरुर प्रदीप साहू, संयोजक प्रेम साय कलिहारी, उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, नगर पंचायत गुरुर के पार्षद गण, नारायण टेके, गिरधर ठाकुर, अनुसूइया ध्रुव, चंद्रलता साहू, शोभित ओझा, बिंदा यादव, भागवत यादव, जितेश्वरी निषाद, मधु जगदल्ले, तामज सिन्हा, अनमोल बग्गा, मधुसूदन सोनवानी, रोहित नेताम, प्रीतम साहू उपस्थित थे।

कसौंदा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

गुण्डरदेही। सेवा पखवाड़ा के तहत जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 के बूथ कसौंदा में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से संवाद तत्पश्चात स्कूल प्रांगण में साफ सफाई की गई। इस अवसर पर लेखराम साहू, ठाकुरराम चंद्राकार, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सरपंच जितेन्द्र चंद्राकर, डॉ लक्ष्मीकांत साहू, चेतन साहू, तुलसी साहू, चुरामन लाल साहू, होमेन्द्र बृजेंद्र, उमाशंकर ठाकुर, ईश्वर यादव, कामता प्रसाद साहू, ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष रोहित साहू व ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण महिला स्वच्छता समूह भारतीय जनता पाटऍ के कार्यकर्ता एवं बूथ के अध्यक्ष यदु उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत चिंगरी में सुशासन तिहार के तहत लगा शिविर

अंडा। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी में सुशासन तिहार के तहत शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास, पेयजल, भूमि संबंधी, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड सहित अन्य सुविधाओं एवं समस्याओं के संबंध में लोगों ने आवेदन दिया। उक्त अवसर पर जनपद सदस्य बेला यादव, सरपंच पुष्पा वाघमारे, उपसरपंच भूषण देशमुख, पंच लक्ष्मण यादव, ज्योति साहू, राजेश देशमुख पंकज देशमुख, भोज प्रकाश पटेल, नोडल अधिकारी ताम्रकेश्वर चंद्राकर, प्रभा साहू, टामीन साहू दिनेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने पीएम आवास के हितग्राही को कराया गृहप्रवेश

बालोद। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कुंआगोंदी में पहुँचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कलीराम दर्रो को उनके नवनिर्मित आवास में विधिवत गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर उन्होंने बेहतर आवास निर्माण करने के लिए कलीराम दर्रो की सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कलीराम दर्रो को प्रधानमंत्री आवास का प्रमाण पत्र एवं उपहार भी प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर एवं कलेक्टर ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ कलीराम दर्रो के नवनिर्मित आवास का अवलोकन भी किया।

पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का जांच दल

गुरूर। दुर्ग में छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और फिर हत्या की घटना को लेकर कांग्रेस के पांच सदस्यीय जांच दल ने संयोजक संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में जांच पड़ताल की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की थी, जो जांच करने पीड़िता के घर पहुंची थी। दल ने पीड़ित परिवार के घर जाकर उनका हाल जाना, साथ ही घटना संबंधी जानकारी ली। जांच दल में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक छन्नी साहू और पूर्व महापौर राजनांदगांव हेमा देशमुख शामिल थीं।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने अर्जुनी में चलाया स्वच्छता अभियान

गुण्डरदेही। भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओटेबंद के शक्ति केन्द्र सिरसिदा के अंतर्गत बूथ क्रमांक 217 ग्राम अर्जुनी में सेवा पखवाड़ा के तहत साफ सफ़ाई की गई। इसके साथ ही अर्जुनी से साजा मार्ग के किनारे पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महामंत्री थानसिंह मंडावी, शक्ति केन्द्र संयोजक घनाराम साहू, बूथ अध्यक्ष मोहन लाल साहू, बूथ सचिव योगेश कुमार साहू, एमन कुमार साहू, कमलेश साहू, महेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, द्रौपदी साहू, खिलेश्वरी साहू, कविता साहू, बिन्दु ठाकुर, राजवती साहू, पदमिनी साहू, कांति साहू उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

आरक्षक को धक्का देकर बंदी हुआ फरार

भिलाई। आरक्षक को धक्का देकर दंड़ित बंदी न्यायालय दुर्ग से फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 262 के तहत जूर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) सुनीता टोप्पो के न्यायालय में कुम्हारी के एनडीपीएस मामले में जेठूपाली थाना कोमना जिला नुआपाडा उड़िसा निवासी दिनेश उर्फ राहुल तांडी अंगुली चिन्ह लगाने के दौरान आरक्षक को धक्का देकर फरार हो गया। दिनेश के खिलाफ कुम्हारी में अपराध क्रमांक 2/224 की धारा 29 (ख), (ग) धारा 29 एनडीपीएस के तहत अभियुक्त का दोषसिद्ध कर दंड़ित किया गया। तभी शाम 4.30 बजे उक्त प्रकरण में दिनेश को मौका मिलते ही न्यायालय से फरार हो गया।

जमीन फर्जीवाड़ा मामले में जमानत याचिका खारिज

भिलाई। जमीन के फर्जीवाडा मामले में दुर्ग न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ए 5 सूर्य विहार कालोनी, जुनवानी निवासी सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड की महिला डॉयरेक्टर संगीता केतन शाह ने दुर्ग तृतीय श्रेणी न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी के न्यायालय में अबपनी अग्रिम याचिका का आवेदन लगाया था। इस दौरान संगीता ने न्यायालय में आवेदन दिया कि पीड़ित को 45 लाख रुपए लौटाना चाहती है। इस दौरना उसने चेक की छाया पत्री भी दिया। न्यायाधीश ने मामले को गंभीर अपराध होने का हवाला देते हुए संगीता केतन शाह के अग्रिम जमानत याचिका को खारिच कर दिया।

चोरी करने वाला अपचारी बालक गिरफ्त में

भिलाई। चोरी करने वाला अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि बालक के पास से आईफोन 11 जब्त किया है। वार्ड 33 दुर्ग निवासी आराध्या शर्मा ने शिकायत की थी कि खाना खाकर परिवार समेत सो गए थे तभी कमरे में अज्ञात चोर आया और आलामरी से नगदी रकम 50 हजार समेत अन्य सामान पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने पतासाजी करने पर अपचारी बालक को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर बालक ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

चाय बनाते समय पल्लू में लगी आग, महिला गंभीर

भिलाई। शादी के सत्रह साल बाद ससुराल में बेटी के जलने का मामला सामने आया है। छावनी

पुलिस ने बताया कि 3 अप्रैल को अचानक नीतू आग लगने से जल गई। इसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत होने से उसे मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया। नीतू के परिजनों ने ससुराल पर आरोप लगाया है कि शादी के बाद से बेटी को लगातार परेशान किया जाता था। लड़की के पिता अशोक साव ने लिखित शिकायत में पति संतोष साव, सास मुन्नी देवी, ससुर गोविंद साव और ननद सपना देवी पर आग लगाकर मारने का प्रयास का आरोप लगाया है।

फर्जी एफडीआर पर रूद्रा इंजीनियरिंग ब्लैक लिस्टेड

भिलाई। भिलाई नगर निगम में निविदा लेने के लिए फर्जी एफडीआर का मामला सामने आया है। टेंडर लेने के लिए एक कंपनी ने जितनी राशि की एफडीआर चेक दिए थे उतनी रकम ही बैंक खाते में नहीं निकली। भिलाई निगम ने फर्जी एफडीआर के इस मामले में रूद्रा इंजीनियरिंग को बुधवार ब्लैक लिस्टेड कर दिया। साथ ही वर्क आर्डर को कैंसिल करते हुए इस पर रोक लगा दी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

जयंती : हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव

भगवान महावीर के विभिन्न स्वरूपों की निकाली गई झांकी, गायों को खिलाई रोटी, अस्पताल में बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भगवान महावीर स्वामी का 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। तीन दिनों तक विभिन्न आयोजन किए गए। इसके लिए नगर को सजाया गया तथा प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई।

- जिला मुख्यालय सहित अनेक स्थानों पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष आकाश गोलछा के नेतृत्व में तीन दिनों तक विभिन्न आयोजनों के माध्यम से यह पर्व मनाया गया। महावीर जन्म कल्याणक से एक दिन पूर्व विश्व स्तरीय नवकार जाप के भी सहभागी बने, जिसमें जैन समाज के अतिरिक्त अन्य लोगों ने भी हिस्सा लिया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, सभापति प्रीतम यादव, पार्षद गिरिजेश गुप्ता, दीपक लोढ़ा, संतोष चौधरी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

शोभायात्रा में भगवान को रथ पर विराजमान कराने की बोली भीखम चंद गोलछा परिवार द्वारा ली गई। छोटे बच्चों के माध्यम से भगवान महावीर के विभिन्न स्वरूपों की झांकी निकाली गई। शोभायात्रा संभवनाथ जैन मंदिर से निकलकर प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची, जहां भगवान को पुनः विधिपूर्वक विराजित कराया गया। शोभायात्रा के जैन मंदिर पहुंचने पर उनके सम्मान में माहेश्वरी पंचायत बालोद, मोरिया मंडल बालोद एवं आरकेसी के राजेश चोपड़ा द्वारा शीतल पेय पदार्थ रखा गया था, मंदिर समिति ने लड्डू बांटा। जैन श्री संघ अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन एवं महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष आकाश गोलछा ने सम्पूर्ण आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सदस्यों तथा अन्य सभी जिनका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोग प्राप्त हुआ उन सभी के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं उपाध्यक्ष कमलेश सोनी के प्रति भी विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने महावीर वाटिका में महावीर जयंती से पूर्व जीर्णोद्धार कर उसे नया स्वरूप प्रदान किया। मंदिर समिति के सचिव रूपचंद गोलछा ने बताया कि कार्यक्रम में भीखम चंद सांखला, हस्तीमल गोलछा, गुलाबचंद चोपड़ा, शंकरलाल श्रीश्रीमाल, संतोष पारख, भिखमचंद गोलछा, जीवनलाल गोलछा, ताराचंद सांखला, हमीरमल नाहटा, भंवरलाल नाहटा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

शोभायात्रा के बाद हुई धार्मिक प्रश्नोत्तरी

शोभायात्रा के बाद इंदु ढ़ेलडिया द्वारा धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। दोपहर में गौतम प्रसादी हुआ जिसके लाभार्थी भिखमचंद सांखला एवं दीपचंद आंखला परिवार थे। स्व मदनलाल बाफना की स्मृति में हलधर चौक में वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। जिला अस्पताल में फल वितरण एवं गौ शाला में गायों को गुड़ रोटी खिलाने के कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह से भाग लिया।

हलधर चौक पर लगा वाटर कूलर

बालोद। भगवान महावीर जयंती के अवसर पर हलधर चौक पर शीतल पेजयल के लिए वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। स्व.मदनलाल एवं स्व.संतोष बाफना की स्मृति में स्व.सुल्तानमल सजनाबाई चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हलधर चौक बालोद में वाटर कूलर दान कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जैन श्री संघ के अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन, ताराचंद सांखला, संतोष पारख, स्वरूपचंद गोलछा, तनसुख नाहटा, श्रवण टावरी, इंदरचंद जैन एवं जैन श्री संघ बालोद व बाफना परिवार के गौतम बाफना, अरुण बाफना, किशोर बाफना, सुभाष बाफना एवं सदस्य उपस्थित थे।

कुसुमकसा में हर्षोल्लास से मना भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक उत्सव

कुसुमकसा। भगवान महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक उत्सव जैन श्री संघ कुसुमकसा द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय जैन मंदिर से 10 अप्रैल को सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। उसके बाद सुबह 9 बजे स्थानीय जैन मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना कर भव्य बरगोडा निकालकर भगवान महावीर के जियो और जीने दो जैसे संदेश लोगों तक पहुंचाया गया। जयकारों व भक्ति गीतों के साथ जैन श्री संघ के महिला, पुरुष व बच्चों ने नगर का भ्रमण किया। बरगोडा बस स्टैंड चौक, दुर्गा मंदिर चौक, आजाद चौक, आदर्श चौक बैगा पारा चौक, दीप चौक, गैरेजपारा होते हुए जैन मंदिर में समाप्त हुआ। उसके बाद मंदिर में नवकार मन्त्र का जाप किया गया। इस अवसर पर बाफना परिवार द्वारा सामाजिक बंधुओं को गौतम प्रसादी वितरित की गई। दोपहर को जैन श्री संघ के सदस्यों ने गौशाला जाकर गायों को गुड़ रोटी खिलाई। बस स्टैंड चौक पर हलवा प्रसाद का वितरण किया गया।

रात्रि में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति के रस में डूबा रहा समाज

रात्रि को जैन भवन में भक्ति का कार्यक्रम हुआ जहाँ डाली बाफना व आयुषी बाफना ने अपने सुरों से कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस दौरान पूरा समाज भक्ति के रस में डूबा रहा। कार्यक्रम में हमीरमल गुणधर, प्रेमचंद छाजेड़, कंवरलाल कुचेरिया, सुरेश गुणधर, भंवरलाल गुणधर, पारसमल सुथार, भिखमचंद कोटडिया, अनिल सुथार, किशोर बाफना, देवराज रायसोनी सहित जैन श्री संघ के महिला पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जैन भवन कुसुमकसा में नवकार महामंत्र का किया सामूहिक जाप

कुसुमकसा। विश्व नवकार दिवस पर जैन संगठना कुसुमकसा के तत्वावधान में जैन भवन कुसुमकसा में सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप किया गया। सुबह 8.01 बजे से नवकार जाप प्रारंभ होकर 9.36 बजे समाप्त हुआ। नवकार जाप के इस वैश्विक आध्यात्मिक आयोजन में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ जैन संगठना कुसुमकसा के महिला-पुरुषों व बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने नवकार महामंत्र का जाप कर विश्व शांति, आत्मकल्याण और समरसता के लिए प्रार्थना की। जैन संगठना के सदस्यों ने बताया कि नवकार महामंत्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह मंत्र सकारात्मक ऊर्जा, शांति और विश्व कल्याण का प्रतीक है। नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का महामंत्र है। यह प्रेम, शांति और अहिंसा का संदेश देता है, जिसे आज के युग में सभी को अपनाने की आवश्यकता है।

दल्लीराजहरा में गूंजा जियो और जीने दो का संदेश

दल्लीराजहरा। नगर में महावीर जयंती का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा प्रातःकाल प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने अहिंसा परमो धर्म के उद्घोष के साथ पूरे दल्लीराजहरा नगर को आध्यात्मिक वातावरण से ओतप्रोत कर दिया।

- महावीर जयंती पर नगर में धूमधाम से निकाली गई शोभयात्रा

दल्लीराजहरा शहर में प्रभात फेरी के पश्चात भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान महावीर स्वामी की आकर्षक झांकी सजाई गई। शोभायात्रा में श्रद्धालु पारंपरिक परिधानों में सजे हुए थे और भक्ति गीतों के साथ नगर भ्रमण किया गया। डीजे की धुनों पर बच्चों और युवाओं ने भक्ति रस में झूमते

हुए महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह जैसे संदेशों को जन-जन तक पहुँचाया, दल्लीराजहरा शहर का माहौल धार्मिकमय बना रहा, भगवान-महावीर स्वामी का 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही हर्ष ओर उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। तीन दिनों तक विभिन्न आयोजन किये गए। भगवान की शोभा यात्रा के लिए दल्ली राजहरा नगर को सजाया गया तथा प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। नगरवासियों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा और जलपान व्यवस्था से किया। आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया तथा जियो और जीने दो तथा अहिंसा परमो धर्मः का संदेश दिया।

महावीर भवन में सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप

बालोद। विश्व कल्याण के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व के अनेक देशों में एक साथ प्रातः सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप किया गया।

नवकार महामंत्र जाप के इस अवसर पर बालोद जैन समाज के आयोजन स्थल स्थानीय महावीर भवन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा संतोष चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, सभापति दीपक लोढा, प्रीतम यादव, पार्षद गिरिजेश गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, राकेश बाफना, अजय बाफना, शुभम श्रीश्रीमाल

सहित अन्य कार्यकर्ता भी महामंत्र नवकार जाप में शामिल हुए। उसके बाद भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद भी लिया। सामूहिक नवकार महामंत्र जाप पर जैन समुदाय के लोगों के अलावा अन्य समाज के लोगों ने भी हिस्सा लिया। नवकार जाप में शामिल लोगों का जैन श्री संघ के अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन, सचिव मोहन नाहटा, उपाध्यक्ष ताराचंद सांखला, भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष आकाश गोलछा ने आभार व्यक्त किया।

पोषण ट्रेकर से किया गया बच्चों का चिन्हांकन

चंदखुरी के आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदखुरी में पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का वजन एवं ऊंचाई की माप की गई। इस दौरान पोषण ट्रैकर में बच्चों का चिन्हांकन किया गया। इसी तरह गर्भवती माताओं एवं शिशुवती माताओं के साथ 1000 दिवस पर चर्चा की गई। गर्भावस्था से लेकर प्रसव पूर्व तैयारी एवं साफ सफाई के बारे में मितानिन विमला देशमुख ने जानकारी दी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता जनक पटेल और मानसी चंद्राकर ने बताया कि ग्राम पंचायत चंदखुरी में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 एवं 6 में कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के वजन एवं ऊंचाई का मापन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता चंद्राकर ,गजेश्वरी साहू, रेखा देवांगन ,हिमानी देवांगन, लता देशमुख, चंपा देशमुख द्वारा पोषण पखवाड़ा दिवस मनाया गया।

- बच्चों के वजन व ऊंचाई की

23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411